आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–20 मार्च 2026 **सान्ध्य समाचार**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज वृंदावन में रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल के नंद किशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मजबूत और आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब उसके नागरिक स्वस्थ हों। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने करने के लिये निरंतर प्रयास कर रही है।

केंद्र सरकार देश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रहे हैं। आयुष्मान भारत जैसे ऐतिहासिक योजना के माध्यम से करोड़ों नागरिकों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कैंसर के इलाज को भी कवर किया जा रहा है, जिससे गरीब और जरूरतमंद मरीजों को लाभ मिल रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि कैंसर एक बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि समय पर निदान और उन्नत उपचार तक पहुंच मरीजों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है।

राष्ट्रपति ने कहा कि रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल गरीबों का इलाज कर रहा है।

ये संतोष का विषय है रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम चौरिटेबल अस्पताल धन के आभाव के कारण किसी भी रोगी को उपचार से वंचित नहीं किया जाए, ये प्राणोद्य सिद्धांत पर कार्य कर रहा है। यह विचार सच्चे अर्थ में करूणामय चिकित्सा सेवा की भावना को व्यक्त करता है।

इससे पहले आज सुबह राष्ट्रपति ने प्रेमानंदजी महाराज आश्रम का दौरा किया। उन्होंने वृंदावन में नीम करोरी बाबा की समाधि पर भी पुष्पांजलि अर्पित की।

****

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन आज मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी की पूजा–अर्चना की जा रही है। मिर्जापुर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल धाम, बलरामपुर स्थित तुलसीपुर में प्रसिद्ध शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर और जौनपुर के शीतला चौकिया धाम में दर्शन पूजन के लिये आज तड़के से ही भक्तों की भारी भीड़ लगी है। विन्ध्याचल धाम पहुंचने वाले श्रद्धालु त्रिकोण परिक्रमा पथ पर महाकाली मंदिर में भी दर्शन–पूजन कर रहे हैं। वाराणसी में बालाजी घाट पर स्थित मां ब्रह्मचारिणी के मंदिर में आज सुबह से ही भक्तों की कतार लगी हुयी है। मान्यता है कि नवरात्र की द्वितीया तिथि पर यहां दर्शन–पूजन करने से हर मनोकामना पूरी होती है। महराजगंज के लेहड़ा देवी मंदिर, गोरखपुर के तलकुलहा देवी मंदिर और बुढ़िया माई मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन–पूजन कर रहे हैं।

****

ईद–उल–फितर का त्योहार कल मनाया जाएगा। इससे पहले आज लखनऊ, अयोध्या और अमरोहा सहित प्रदेश के सभी जिलों में आखिरी जुमे की नमाज की अदा की गयी। त्योहार को देखते हुए प्रदेश भर में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गये हैं।

****

आज विश्व गौरैया दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पीलीभीत सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं। यह दिवस गौरैया की आबादी में तेजी से आ रही गिरावट को लेकर जागरूकता बढ़ाने संबंधी वार्षिक प्रयास को दर्शाता है।

****

आगरा जिले के चित्रहाट थाना क्षेत्र के ग्राम पई के पास कल देर रात हुए सड़क हादसे में इटावा के एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि चार अन्य घायल है। आगरा के डीसीपी पूर्वी जोन अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि कल देर रात यह हादसा उस समय हुआ जब राजस्थान के केला देवी से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी।

****

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार देश के विभिन्न भागों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए त्वरित उपाय कर रही है। नई दिल्ली में श्री चौहान ने बताया कि अधिकारियों से नुकसान का तत्काल आकलन करने के लिए राज्य सरकारों के साथ समन्वय बनाने को कहा गया है।

****

प्रदेश के कई पश्चिमी जिलों में आज भी बारिश और बूंदाबांदी का सिलसिला जारी रहा। पूर्वी जिलों में भी आज सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ है। गोरखपुर सहित आसपास के कुछ अन्य जिलों में सुबह से हल्के बादल छाए हुए हैं और रुक–रुक कर हल्की बूंदाबांदी का भी सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज लगभग सभी स्थानों पर, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में अनेक स्थानों पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना बनी हुई है।

****